# दरशन दो शिव भोले | By Sanjay Chauhan |

दरशन दो शिव शंकर भोले
भाव से पार लगा दो
एक झलक दिखा कर भोले
सोए भाग्य जगा दो
सारा संसार दर्शन को आया
शिव भोले के धाम में आया

अंतरमन में आशा लेकर
जो भी दर पे आवे
भोले की चौखट से कोई
खाली नहीं है जावे
शीश झुकाकर श्रद्धा पूर्वक
शिव भोले से माँगो
सुनो अरज सब भक्त जनों की
हे शिव शंकर जागो
सारा संसार दर्शन को आया
शिव भोले के धाम में आया

ज्योतिर्लिंग के रूप में जबसे
धरती पर ये आए
शिव ने अपने तेज से
सब भक्तों के काज सँवारे
पावन तीर्थ में ज्योतिर्लिंग का
अभिषेक करवा ले
सारा संसार दर्शन को आया
शिव भोले के धाम में आया

भूत प्रेत नंदी शिव के गण
शिव की महिमा गावे
स्वर्ग लोक के देवता सारे
हर हर बम बम गावे
त्रिपुरारी कैलाश निवासी
शिव को आज मनाने
सारा संसार दर्शन को आया
शिव भोले के धाम में आया

दरशन दो शिव शंकर भोले
भाव से पार लगा दो
एक झलक दिखा कर भोले
सोए भाग्य जगा दो
सारा संसार दर्शन को आया
शिव भोले के धाम में आया

%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-sanjay-chauhan/